भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1164
शनिवार, 19 सितम्बर, 2020/28 भाद्रपद, 1942 (शक)

# बेरोजगारी

1164. श्री राकेश सिंहः
श्री भर्तृहरि महताबः
श्री प्रद्युत बोरदोलोईः
श्री डी॰के॰ सुरेशः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कोविड-19 के कारण विगत वर्ष की तुलना में बेरोजगारी की दर में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आयु वर्ग, ग्रामीण/शहरी और लिंग के आधार पर बेरोजगारी दर का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा महामारी काल के दौरान युवाओं के लिए रोजगार सृजित करने और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि करने के लिए उठाए गए कदमों/की गई पहलों की विस्तृत योजना क्या है;

(घ) विगत छह महीनों के दौरान असम में बेरोजगार हुए व्यक्तियों की कुल संख्या का क्षेत्र-वार और लिंग-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) कोविड-19 के कारण देश में अपना रोजगार गंवाने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है और तत्संबंधी क्षेत्र-वार और उद्यम/राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार ने बेरोजगार व्यक्तियों के लिए आजीविका सुनिश्चित करने और उनकी स्थिति को सुधारने के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से च): रोजगार-बेरोजगारी पर वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है। पीएलएफएस 2017-18 एवं 2018-19 के अनुसार, देश में सभी आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक राज्य-वार अनुमानित बेरोजगारी दर अनुबंध-I में दी गई है।

पीएलएफएस 2018-19 के अनुसार, देश में सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर आयु समूह, ग्रामीण/शहरी एवं लिंग-वार की उपलब्ध सीमा तक अनुमानित राज्य-वार बेरोजगारी दर अनुबंध-II में दी गई है।

पीएलएफएस 2018-19 के अनुसार, सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर (सभी आयु वर्ग) असम में पुरूष एवं महिलाओं की उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर क्रमशः 6.5% एवं 7.8% थी।

कोरोना वायरस (कोविड-19) के वैश्विक फैलाव और फिर लगने वाले लॉकडाउन ने भारत सहित विश्व भर की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। कोविड-19 के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में प्रवासी कामगार अपने मूल स्थानों पर वापस जा रहे हैं। देश कोविड-19 के खतरों एवं चुनौतियों का सामना करने हेतु बेहतर तरीके से तैयार हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार विभिन्न कदम उठा रही है। भारत सरकार ने 20 लाख करोड रुपए के आर्थिक पैकेज की घोषणा की है। युवाओं हेतु रोजगार सृजित करने के लिए आत्मनिर्भर भारत भी आरंभ किया जा चुका है जो अर्थव्यवस्था, अवसंरचना, व्यवस्थापूर्ण जनसांख्यिकीय एवं मांग पर सकेंद्रित है।

भारत सरकार ने प्रधान मंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान (पीएमजीकेआरए) के तहत विशेषकर लौटने वाले प्रवासियों को स्थानीय रोजगार अवसर प्रदान करने के लिए ग्रामीण अवसंरचना एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इसमें 50,000 करोड़ रु. के संसाधन आवृत के साथ 6 राज्यों के 116 जिले शामिल हैं जिसका ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 125 दिवसों के मिशन मोड़ अभियान में कार्यान्वयन किया जा रहा है।

भारत सरकार ने लगभग 50 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को फिर से अपना व्यापार शुरू करने के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए 10,000/-रु. तक का गैर-जमानती कार्यकारी पूंजीगत ऋण प्रदान करने को सरल बनाने के लिए प्रधान मंत्री स्व-निधि योजना आरंभ की है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा कार्यान्वित की जा रही अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना के तहत बेरोजगारी लाभ को औसत वेतन का 25% से बढ़ा कर 50% किया गया है, लाभ का दावा करने के लिए पात्रता शर्तों में छूट के साथ 90 दिवसों तक देय है।

इसके अतिरिक्त, आरबीआई एवं भारत सरकार ने बाजार अर्थव्यवस्था को बनाए रखने एवं रोजगार के स्तर को बढ़ाने के लिए अर्थव्यवस्था में तरलता बढ़ाने के लिए उपायों की शुरूआत की है।

<u>**अनुबंध-I**</u>

लोक सभा के दिनांक 19.09.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1164 के भाग (क से च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

सभी आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक बेरोजगारी दर का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा।

| क्र.सं. | राज्य/संघराज्य-क्षेत्र | बेरोजगारी दर (% में) | |
|---|---|---|---|
| | | 2017-18(पीएलएफएस) | 2018-19(पीएलएफएस ) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 4.5 | 5.3 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 5.9 | 7.9 |
| 3 | असम | 8.1 | 6.7 |
| 4 | बिहार | 7.2 | 10.2 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 3.3 | 2.4 |
| 6 | दिल्ली | 9.7 | 10.4 |
| 7 | गोवा | 13.9 | 8.7 |
| 8 | गुजरात | 4.8 | 3.3 |
| 9 | हरियाणा | 8.6 | 9.2 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 5.5 | 5.2 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 5.3 | 5.1 |
| 12 | झारखंड | 7.7 | 5.3 |
| 13 | कर्नाटक | 4.8 | 3.6 |
| 14 | केरल | 11.4 | 9.0 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 4.5 | 3.5 |
| 16 | महाराष्ट्र | 4.9 | 5.0 |
| 17 | मणिपुर | 11.6 | 9.6 |
| 18 | मेघालय | 1.5 | 2.7 |
| 19 | मिजोरम | 10.1 | 7.0 |
| 20 | नागालैंड | 21.4 | 17.5 |
| 21 | ओडिशा | 7.1 | 7.0 |
| 22 | पंजाब | 7.8 | 7.4 |
| 23 | राजस्थान | 5.0 | 5.7 |
| 24 | सिक्किम | 3.5 | 3.1 |
| 25 | तमिलनाडु | 7.6 | 6.6 |
| 26 | तेलंगाना | 7.6 | 8.4 |
| 27 | त्रिपुरा | 6.8 | 10.1 |
| 28 | उत्तराखंड | 7.6 | 8.9 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 6.4 | 5.7 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 4.6 | 3.9 |
| 31 | अंडमान निकोबार द्वीप समूह | 15.8 | 13.5 |
| 32 | चंडीगढ़ | 9.0 | 7.9 |
| 33 | दादरा और नगर हवेली | 0.4 | 1.5 |
| 34 | दमन और दीव | 3.1 | 0.0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 21.3 | 31.6 |
| 36 | पुडुचेरी | 10.3 | 8.3 |
| | अखिल भारत | 6.1 | 5.8 |

स्रोतः पीएलएफएस की 2017-18 एवं 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वन मंत्रालय

लोक सभा के दिनांक 19.09.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1164 के भाग (क से च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

2018-19 (पीएलएफएस) के दौरान सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर सभी आयु के व्यक्तियों, 15-29 वर्ष आयु एवं 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बरोजगारी दर का राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र ब्यौरा।

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | बेरोजगारी दर (% में) | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सभी आयु के व्यक्ति | | | | 15-29 वर्ष आयु | | | | 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु | | | |
| | | ग्रामीण | | शहरी | | ग्रामीण | | शहरी | | ग्रामीण | | शहरी | |
| | | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 4.9 | 3.9 | 6.2 | 10.2 | 16.3 | 15.2 | 23.0 | 33.0 | 4.9 | 3.9 | 6.2 | 10.3 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 6.1 | 12.7 | 7.4 | 29.0 | 28.9 | 38.1 | 33.3 | 64.2 | 6.1 | 12.2 | 7.4 | 28.4 |
| 3 | असम | 6.2 | 6.8 | 9.9 | 15.5 | 22.6 | 21.4 | 29.2 | 42.5 | 6.2 | 6.8 | 9.9 | 15.5 |
| 4 | बिहार | 10.6 | 1.7 | 10.4 | 12.3 | 31.3 | 10.5 | 30.3 | 47.2 | 10.2 | 1.4 | 10.3 | 11.9 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2.6 | 0.7 | 4.6 | 7.8 | 9.9 | 3.0 | 14.9 | 21.1 | 2.6 | 0.7 | 4.6 | 7.4 |
| 6 | दिल्ली | 0.6 | 0.0 | 10.9 | 9.9 | 1.5 | 0.0 | 22.6 | 28.8 | 0.6 | 0.0 | 10.9 | 9.9 |
| 7 | गोवा | 2.4 | 19.7 | 6.9 | 14.4 | 8.3 | 30.6 | 23.4 | 32.7 | 2.4 | 19.7 | 6.9 | 14.4 |
| 8 | गुजरात | 3.8 | 1.8 | 3.4 | 2.5 | 9.7 | 7.1 | 7.6 | 6.3 | 3.6 | 1.8 | 3.4 | 2.5 |
| 9 | हरियाणा | 10.0 | 6.7 | 8.6 | 8.9 | 25.3 | 22.9 | 15.9 | 19.4 | 10.0 | 6.7 | 8.7 | 8.9 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 5.3 | 4.3 | 6.5 | 14.9 | 20.7 | 15.9 | 15.2 | 32.2 | 5.3 | 4.3 | 6.5 | 14.9 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 2.9 | 6.0 | 5.6 | 27.2 | 8.2 | 15.2 | 20.8 | 50.2 | 2.9 | 6.2 | 5.6 | 27.0 |
| 12 | झारखंड | 5.8 | 0.6 | 8.7 | 8.4 | 15.1 | 1.9 | 22.0 | 28.0 | 5.5 | 0.6 | 8.7 | 8.4 |
| 13 | कर्नाटक | 3.2 | 1.4 | 5.0 | 6.1 | 11.2 | 4.9 | 13.5 | 17.8 | 3.2 | 1.4 | 4.9 | 6.1 |
| 14 | केरल | 4.7 | 15.6 | 5.2 | 18.8 | 23.4 | 57.8 | 23.1 | 53.1 | 4.7 | 15.6 | 5.2 | 18.8 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 3.0 | 0.7 | 7.7 | 6.2 | 8.1 | 2.6 | 21.9 | 22.1 | 2.9 | 0.5 | 7.6 | 6.1 |
| 16 | महाराष्ट्र | 4.6 | 3.3 | 5.2 | 10.6 | 13.6 | 17.0 | 13.9 | 21.5 | 4.6 | 3.3 | 5.2 | 10.2 |
| 17 | मणिपुर | 7.7 | 15.6 | 9.8 | 7.7 | 26.8 | 47.6 | 32.8 | 28.9 | 7.4 | 15.5 | 9.8 | 7.4 |
| 18 | मेघालय | 1.9 | 2.1 | 4.6 | 13.3 | 6.1 | 8.1 | 15.5 | 34.4 | 1.9 | 2.1 | 4.6 | 13.3 |
| 19 | मिजोरम | 4.2 | 8.1 | 7.4 | 12.7 | 14.1 | 25.9 | 29.9 | 34.3 | 4.2 | 7.9 | 7.4 | 12.7 |
| 20 | नगालैंड | 14.4 | 21.4 | 15.4 | 42.9 | 61.0 | 58.2 | 53.0 | 68.9 | 14.4 | 21.4 | 15.3 | 42.0 |
| 21 | ओडिशा | 6.6 | 4.2 | 10.1 | 21.9 | 22.0 | 16.8 | 26.4 | 46.9 | 6.6 | 4.2 | 10.1 | 21.9 |
| 22 | पंजाब | 7.6 | 8.3 | 6.1 | 11.3 | 21.3 | 34.3 | 15.7 | 25.2 | 7.6 | 8.3 | 6.0 | 11.3 |
| 23 | राजस्थान | 5.9 | 2.1 | 8.5 | 14.2 | 16.7 | 6.5 | 22.9 | 39.1 | 5.9 | 2.0 | 8.5 | 14.2 |
| 24 | सिक्किम | 3.0 | 1.8 | 3.9 | 7.5 | 11.1 | 6.6 | 11.1 | 15.8 | 3.0 | 1.8 | 3.9 | 7.5 |
| 25 | तमिलनाडु | 7.0 | 5.5 | 6.0 | 8.4 | 26.3 | 29.1 | 18.7 | 26.2 | 7.0 | 5.5 | 6.0 | 8.4 |
| 26 | तेलंगाना | 8.2 | 4.7 | 9.0 | 17.7 | 28.9 | 20.6 | 26.3 | 38.3 | 7.9 | 4.7 | 9.0 | 17.3 |
| 27 | त्रिपुरा | 5.5 | 28.3 | 8.7 | 30.1 | 20.5 | 61.5 | 32.7 | 60.8 | 5.5 | 28.3 | 8.3 | 30.1 |
| 28 | उत्तराखंड | 5.3 | 13.3 | 10.2 | 30.0 | 13.5 | 41.3 | 22.9 | 55.8 | 5.2 | 13.3 | 10.2 | 30.2 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 4.8 | 1.8 | 11.2 | 6.1 | 13.0 | 8.7 | 22.9 | 16.9 | 4.8 | 1.8 | 10.9 | 5.7 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 4.0 | 1.4 | 5.3 | 3.7 | 10.5 | 5.4 | 15.6 | 10.9 | 3.7 | 1.4 | 5.2 | 3.7 |
| 31 | एक और एन द्वीप | 6.7 | 34.2 | 3.5 | 38.2 | 19.7 | 63.1 | 11.8 | 61.4 | 6.7 | 34.2 | 3.5 | 38.2 |
| 32 | चंडीगढ़ | 0.0 | 9.1 | 7.7 | 9.7 | 0.0 | 15.5 | 19.6 | 19.0 | 0.0 | 9.4 | 6.9 | 9.7 |
| 33 | अंडमान निकोबार द्वीप समूह | 1.8 | 0.0 | 1.3 | 5.4 | 4.5 | 0.0 | 3.2 | 21.0 | 1.8 | 0.0 | 1.3 | 5.4 |
| 34 | दमन और दीव | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.1 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 39.2 | 45.6 | 21.8 | 48.7 | 93.1 | 49.5 | 50.4 | 87.1 | 39.2 | 45.6 | 21.8 | 48.7 |
| 36 | पुडुचेरी | 12.5 | 10.0 | 6.3 | 5.2 | 27.0 | 27.8 | 24.2 | 20.6 | 12.5 | 10.0 | 6.3 | 5.2 |
| | अखिल भारत | 5.6 | 3.5 | 7.1 | 9.9 | 16.6 | 13.8 | 18.7 | 25.7 | 5.5 | 3.5 | 7.0 | 9.8 |

स्रोतः पीएलएफएस 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वन मंत्रालय